**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 18.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर कई केंद्रीय मंत्रियों ने संवाददाता सम्मेलन में सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन आज अपने मंत्रालय की नई उत्पाद एन. पी. एस. वातसल्य की शुरूआत करेंगी।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से शुरू हो गई।
- केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की।
- भूटान के थीम्पू में सैफ अंडर सेवन्टीन फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। द्वीपों के संजय मेशाक भारतीय फुटबॉल टीम के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व करेंगे।

<><><><><><><>

एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर कई केंद्रीय मंत्रियों ने संवाददाता सम्मेलन में सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि पहले सौ दिनों में पंद्रह लाख करोड़ रूपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं ने कहा कि सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में मंत्रालय ने डेढ लाख करोड रुपये की रक्षा खरीद की मंजूरी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि दो हजार चौदह के बाद से शहरी खर्च में ग्यारह गुना वृद्धि देखी गई है और यह एक लाख सतावन हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कहा कि रोजगार सृजन की सुविधा के लिए रोजगार से जुड़ी पहल योजना शुरू की गई है। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि इस दौरान सरकार ने नौ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिससे ग्यारह करोड़ मानव दिवसों के लिए रोजगार के अवसर बनेंगे। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा है कि डिजिटल प्लेगटफॉर्म के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को भी फायदा पहुंचाया जा रहा है।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन आज अपने मंत्रालय की नई उत्पाद एन. पी. एस. वातसल्य की शुरूआत करेंगी। इस सिलसिले मे आज दिन में एक बजे से भारतीय स्टेट बैंक की मोहनपुरा शाखा में पंजीकरण के साथ गतिविधियां आरंभ होगी। विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शाम तीन बजे से प्रतिभागी ऑनलाइन जुडेंगे।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से शुरू हो गई। दो अक्तूबर तक चलने वाले इस अभियान का इस वर्ष का विषय है– सम्भाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता।

इस दौरान पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जल निकायों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों तथा सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों जैसे विभिन्न स्थलों पर श्रमदान और सामूहिक सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस वर्ष अभियान को समग्र समाज दृष्टिकोण के अंतर्गत तीन प्रमुख स्तंभ लक्ष्य इकाइयों की सफाई स्वच्छता में जन भागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के इर्द–गिर्द बनाया गया है। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सफाई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य, केंद्रशासित प्रदेश, केंद्रीय मंत्रालय और स्थानीय निकाय भी स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लेंगे।

इस बीच, इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र श्री विजयपुरम में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों और आम जनता के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इग्नू विशेष अध्ययन केन्द्र कार–निकोबार ने भी स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया। शिक्षा अधिकारी एच नथानियल ने अपने संबोधन में स्वच्छता के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से प्राइमरी शिक्षक के पद के लिए आवेदन कर चुके योग्य उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी की जाएगी। पात्र उम्मीदवारों से आज गर्ल्स स्कूल के सभागार में और कल तथा बीस सितम्बर

को शिक्षा निदेशालय के अकादमिक और भर्ती प्रकोष्ठ में सुबह साढ़े नौ बजे से उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पितृ पक्ष के अवसर पर श्राद्ध के कार्यक्रम आज से शुरू हो गए। पन्द्रह दिन की विशेष इस अवधि में पित्रों की आत्मा की शान्ति के लिए श्राद्ध कर्म के साथ जल अर्पण किए जाते है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन अपने दो दिवसीय यात्रा के दौरान राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विभिन्न पी एम फ्लैगशिप योजनाओं, पर्यटन आतिथ्य अवसंरचनाओं, और परियोजनाओं के अनुपालन और प्रगति में तेजी लाने पर चर्चा की गई।

उधर, सांसद बिष्णु पद रे ने गृह सचिव से मुख्य सचिव के कार्यालय में मुलाकात कर आम जनता से जुड़ी विभिन्न मुद्दों के संबंध में चर्चा की। किसानों की समस्याओं का ज़िक्र करते हुए सांसद ने पिछले कई वर्षों से किसानों को रियायती दर पर यूरिया और डी. ए. पी. की आपूर्ति संबंधित विभागों द्वारा बंद किए जाने से किसानों को उंची कीमतों पर खरीदने का मुद्दा उठाया। जैविक द्वीप बनाने की दिशा में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। मालवाहक जलयानों के परिवहन के मार्गों में कथित रूप से बदलाव किए जाने से आलू, प्याज, टमाटर, अदरक जैसे जरूरी सामानों के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। मध्योत्तर अण्डमान ज़िले में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। नगरपालिका परिषद और पंयायती राज संस्थाओ ंके सदस्यों को उचित मात्रा में कोष उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सांसद ने इन मुद्दों के अलावा कई अन्य मुद्दों को भी गृह सचिव के समक्ष उठाया।

<><><><><><><>

भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर किराए पर कार लेने की सेवा की शुरूआत की गई है। यह सेवाएं डब्लू टी आई कैब्स के द्वारा दी जा रही है। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव और उप–पुलिस अधीक्षक अजय राय ने इस सेवा की

शुरूआत की। श्री देवेन्दर यादव ने कहा कि यह सेवा शहर की परिवहन सुविधाओं को सुव्यवस्थित और उत्कृष्ट बनाने के साथ अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालन की तैयारी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कैब्स के सभी कर्मचारी और ड्राइवर पुलिस द्वारा सत्यापित है और वे यात्रियों की सुविधा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी में सलाहकार की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों की योग्यता सूची जारी कर दी गई है। उम्मीदवारों से चौबीस सितम्बर को सुबह दस बजे रेड रिब्बन कार्यालय अटलांटा प्वाइंट में परियोजना निदेशक के कार्यालय में दस्तावेजों की जांच के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है। दावे और आपत्तियां बीस सितम्बर शाम साढ़े चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार सत्ताईस सितम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से स्वास्थ्य सेवा निदेशक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सोसाइटी के प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

उधर, अंडमान निकोबार राज्य खेल परिषद, नेताजी स्टेडियम में विभिन्न खेलों के लिए चयनित कोचों की सूची स्टेडियम के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा इक्कीस सितम्बर को सुबह दस बजे से नेताजी स्टेडियम में ली जाएगी। उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ परीक्षा के दिन उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भूटान के थीम्पू में सैफ अंडर सेवन्टीन फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। भारत से खिलाड़ियों सहित छत्तीस सदस्य टीम इस टुर्नामेंट में भाग लेने के लिए आज नई दिल्ली से भूटान के लिए रवाना होगी। अण्डमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक को भारतीय फुटबॉल टीम के साथ प्रतिनिधि मण्डल का प्रमुख बनाया गया है। सैफ चैम्पियनशिप में भारत, बांगलादेश, मालद्वीप, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें भाग लेगी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में जवाहर नवोदय विद्यालय पंचवटी में कक्षा छठीं मे प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब तेईस सितम्बर कर दिया गया है। उम्मीदवार विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने अवैध डिजिटल ऋण ऐप्स के संबंध में लोगों को परामर्श जारी किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि ये ऐप्स छोटे समय के ऋण और माइक्रो क्रेडिट प्रदान करते हैं, लेकिन उनमें अत्याधिक ब्याज दरें और छिपे शुल्क शामिल होते हैं। ये ऐप्स भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित नहीं होते हैं। इनके माध्यम से कम आय वाले वर्ग के लोगों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता  है। वे ऋण प्राप्त करने के लिए उपयोगकर्ताओं से निजी जानकारियां जैसे संपर्क, स्थान, फोटो और वीडियो साझा करने की मांग करते हैं, ताकि वे इनको ब्लैकमेल कर सके। ये ऐप्स बड़े पैमाने पर बल्क एस एम एस, डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेंजर और मोबाइल ऐप्स स्टोर आदि का उपयोग करते हैं। पुलिस ने आम जनता को सलाह दी है कि वे सतर्क रहें और अवैध ऋण ऐप्स का उपयोग न करें। अगर किसी को इन ऐप्स का उपयोग करने से धोखाधड़ी, ब्लैकमेल का सामना करना पड़ता है तो वे सी आई डी के साइबर प्रकोष्ठ और पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं।

<><><><><><><>